6. वचन

संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध वचन द्वारा होता है। वचन एक या एक से अधिक संख्या बताते हैं।

शिक्षण-संकेत

❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को वचन की पुनरावृत्ति करवाएँ।

❖ विभिन्न उदाहरणों द्वारा शब्दों के वचन पूछें।

❖ पृष्ठ 39 पर दिए वाक्यों द्वारा छात्रों को वचन स्पष्ट करें। लड़का-लड़के, कुआँ-कुएँ, चाबी-चाबियाँ, कहानी-कहानियाँ आदि शब्दों द्वारा वचन बताएँ।

❖ वचन के दोनों भेदों के बारे में पहले छात्रों से पूछें फिर स्वयं बताएँ।

❖ सदा एकवचन तथा सदा बहुवचन में प्रयोग होने वाले शब्दों को समझाने के लिए वाक्य प्रयोग के उदाहरण द्वारा स्पष्ट करें। कुछ शब्दों का रूप एकवचन तथा बहुवचन में एक समान रहता है।

❖ वचन की पहचान करना समझाएँ। बताएँ, आदर-सम्मान प्रकट करने के लिए एकवचन का बहुवचन में प्रयोग किया जाता है।

❖ बीच-बीच में छात्रों की पाठ में उपस्थिति जाँचने के उद्देश्य से प्रश्न करें।

❖ वचन बदलने के नियम समझाएँ।

❖ सुनिश्चित कर लें कि छात्र पाठ भली-भाँति समझ पा रहे हैं या नहीं।

❖ 'अब तक हमने सीखा' द्वारा पाठ के मुख्य बिंदुओं की पुनरावृत्ति करवाएँ।